





## एक नजर में

### बाइक से ले जा रहा था 60 हजार का गांजा



**शुजालपुर, 5 अक्टूबर.** पुलिस कालापीपल ने मुखबिर की सूचना पर कालापीपल शुजालपुर रोड पर एक युवक को बाइक से हजारों रुपए मूल्य का अवैध मादक पदार्थ गांजा पकड़ा. आरोपी सीहोर जिले के कोठरी गांव का निवासी है. जिसके विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया. मिली जानकारी अनुसार थाना कालापीपल पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर अवैध मादक पदार्थ लेकर भीलखेड़ा रोड, रामदेव बाबा मंदिर के पास खड़ा है. सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति का पकड़ा. जिसने पूछताछ में उसने अपना नाम इस्माइल खां पिता बशीर खां उम्र 45 वर्ष निवासी कोटरी थाना आष्टा जिला सीहोर बताया. पुलिस को उसकी तलाशी पर अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 3 किलो 089 ग्राम कीमत लगभग 60 हजार रुपए मिला. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह गांजा सचिन ठाकुर नामक व्यक्ति से लिया था तथा दोराहा क्षेत्र में बेचने जा रहा था. इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह जगेत, उप निरीक्षक रवि भंडारी, उप निरीक्षक तेजप्रकाश बोहर, प्रधान आरक्षक विवेक गोस्वामी, प्रधान आरक्षक विशाल पटेल, प्रधान आरक्षक आनंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर जाटव, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, आरक्षक वेदप्रकाश परमार, आरक्षक नयन यादव, आरक्षक सुमित पटेल, आरक्षक आशीष, आरक्षक शैलेन्द्र, आरक्षक सतीश एवं आरक्षक अर्जुन दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

### पहले सर्वे किया तो मुआवजा नहीं मिला, विरोध हुआ तो पुन: सर्वे के आदेश जारी किए

**सुसनेर, 5 अक्टूबर.** सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक रोग लग जाने के कारण हुए नुकसान का सर्वे कराने के लिए जिला प्रशासन ने 25 सितंबर को आदेश जारी किया था, जिसके बाद जिम्मेदारों ने आनन फानन में सर्वे करके अपनी रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी. उस रिपोर्ट के आधार पर आगर जिले के किसानों को मुआवजा नहीं मिला और अन्य जिलों को मिला तो विरोध के स्वर उठे. किसानों के साथ साथ कांग्रेस ने भी विरोध शुरू किया. मुद्दा तुल पकड़ने लगा तो प्रशासन ने पुन: सर्वे के आदेश जारी कर दिए. अब प्रशासन दोनों सर्वे में से किसे सही बताकर अपनी साख बचाएगा ये बड़ा सवाल है. 25 सितंबर को जो सर्वे आदेश जारी हुआ था. उसके पालन में सुसनेर तहसील में पटवारियों ने अपने-अपने हल्को में जाकर 2 सबसे अच्छी पैदावार वाले, 2 मीडियम पैदावार वाले तथा 2 सबसे खराब पैदावार वाले खेतों का सर्वे करके 6 ही खेतों का औसत निकालकर सर्वे रिपोर्ट बनाकर भेज दिया, इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसानों को मुआवजा नहीं मिला तो विरोध शुरू हुआ. सुसनेर से कांग्रेस विधायक भैरोसिंह परिहार बापू ने प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दी तो वहीं भारतीय किसान संघ ने भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. आगर में किसानों ने चक्का जाम किया. भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय तथा आगर भाजपा विधायक मधु गेहलोत ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर के सर्वे की मांग की. प्रशासन दबाव में आया तो 4 अक्टूबर को पुन: सर्वे के आदेश जारी कर भू राजस्व संहिता की धारा 6.4 के प्रावधानों के अनुसार सर्वे कर रिपोर्ट देने के लिए आदेश अपर कलेक्टर ने जारी किए. अब सवाल उठ रहा है कि जो सर्वे पहले करके प्रशासन ने सरकार को अपना प्रतिवेदन भेजा था जिसके आधार पर किसानों को मुआवजा नहीं मिला वो सही था या फिर अब जो सर्वे करके रिपोर्ट भेजी जाएगी वो सही होगी. अगर पहले वाला सर्वे गलत हुआ तो उसके लिए क्या जिला प्रशासन या सरकार जिम्मेदारी तय कर पाएगी.

### घर में पकाएंगें, घर का खाएंगे के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**शाजापुर, 5 अक्टूबर.** भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक पोषण माह अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाए जाने के प्राप्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शाजापुर जिले का नवाचार घर में पकाएंगें, घर का खाएंगे अभियान का आयोजन सम्पूर्ण जिले में किया जा रहा है. इसी तारतम्य में सुनेरा में पोषण माह की गतिविधि का आयोजन किया गया. सर्वप्रथम पर्यवेक्षक अमीता माथुर ने गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को खान पान की समझाईश देते हुए बताया कि घर में बने पौष्टिक आहार से पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन विटामिन मिलते हैं. जिससे न केवल स्वस्थ बच्चा होगा, बल्कि महिलाएं भी एनीमिया से पीड़ित होने से बचेगी. साथ ही महावारी स्वच्छता प्रबंधन की जानकारी दी. सहायक संचालक नीलम चौहान ने उपस्थित महिलाओं को लाडली लक्ष्मी योजना के बारे जानकारी देते हुए कहा कि बेटियों को उच्च शिक्षा अनिवार्य दिलवाएं, ताकि बेटियां आत्मनिर्भर होने पर भविष्य में किसी भी संकट का सामना कर सके. साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के बारे में जानकारी दी जाकर महिलाओं को खाते आधार व डीबीटी लिंक करवाने की समझाईश दी गई. साथ ही बेटी बचाओं बेटी पढाओं के तहत बालिकाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने हेतु सुकन्या समृध्दि के तहत बालिकाओं को खाते खोलने की समझाईश दी. इस दौरान अंत में घर में पकाएंगे, घर का खाएगें की शपथ भी दिलवाई गई. इस अवसर पर ग्राम सुनेरा की शारदा उदासी, नर्मदा बरेठा व आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रेमलता रामटके, नगीना सौराष्ट्रीय व अनेक बालिकाएं व महिलाएं उपस्थित थी.

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान अंतर्गत दे रहे जानकारी

**शाजापुर, 5 अक्टूबर.** जिले में 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक दुग्ध समृद्धी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है. उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. प्रशांत महाडिक ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 10 से अधिक पशुपालकों के घर-घर विभागीय सहायक पशु क्षेत्र अधिकारी, मैत्री गोसेवक द्वारा सत्यापन कार्य किया जा रहा है. साथ ही दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशु स्वास्थ, टीकाकारण, पशु पोषण, नस्ल सुधार कृत्रिम गर्भाधान की जानकारी पशु पालको को घर भेंट कर दी जा रही है.

### धमकी देकर छात्रा से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज



**शाजापुर, 5 अक्टूबर.** एक नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है. यह घटना 4 अक्टूबर शनिवार को दोपहर करीब 3.30 बजे हुई है. छात्रा अपने घर से ट्यूशन जाने के लिए निकली थी, लेकिन आरोपित युवक ने उसे किसी बहाने से अपनी बाइक पर बैठाया और उसके साथ दुष्कर्म किया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिसकी तलाश की जा रही है. जानकारी के अनुसार आरोपी हशीर उर्फ अलाउद्दीन ने छात्रा को किसी बहाने से अपनी बाइक पर बैठाया और उसे अपने साथ ले गया. इसके बाद वह छात्रा को चीलर बांध के पास खेत में बनी एक झोपड़ी में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया. छात्रा के विरोध करने पर आरोपी ने उसका मुंह दबाकर जान से मारने की धमकी दी और शादी का दबाव बनाया. इसी दौरान झोपड़ी का मालिक और एक अन्य व्यक्ति वहां आते दिखे तो आरोपी हशीर उर्फअल्लाउद्दीन मौके से भाग गया. झोपड़ी मालिक धर्मेंद्र प्रजापति और पंकज भिलाला ने छात्रा से बात की और उसके पिता से मोबाइल पर संपर्क करवाया. परिजन छात्रा को लेकर कोतवाली थाने पहुंचे. कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि पुलिस ने आरोपी हशीर उर्फअल्लाउद्दीन के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

### सेवानिवृत्त शिक्षक सक्सेना का सम्मान किया

**शुजालपुर, 5 अक्टूबर.** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की शुजालपुर तहसील इकाई ने सेवानिवृत्त शिक्षक सतीष सक्सेना का सम्मान किया. साथ ही प्रोग्रेसिव एसोसिएशन से जुडकर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आग्राह किया गया. इस अवसर पर प्रान्त जनसंपर्क मंत्री गंगाधर सोनानिया, भागीरथ सिसोदिया, जनक जोशी, हरिचरण मंगलावत, नरेंद्र सक्सेना, ओमप्रकाश सक्सेना, रमेशचंद्र चौहान आदि उपस्थित थे.

# अब कचरा फैलाने पर होगी चालानी कार्रवाई

## साप्ताहिक हाट बाजार में नपा ने कराई मुनादी, दी चेतावनी

**शाजापुर, 5 अक्टूबर. नगर पालिका द्वारा रविवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में दुकानदारों से संपर्क किया गया. जहां सभी से अपील की गई कि वे दुकान व अपने आसपास सफाई रखें. साथ ही चेतावनी भी दी गई कि यदि दुकान में या उसके आसपास गंदगी पाई गई तो नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी.**

रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी सीएमओ नेहा गंगारे के निर्देश पर साप्ताहिक सब्जी बाजार में दुकानदार एवं ठेला व्यापारियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की. उनसे निवेदन किया कि आप दुकान से निकलने वाला कचरा डस्टबिन में एकत्रित कर नगर पालिका की कचरा ट्राली में डालें. सभी दुकानों पर डस्टबिन चेक किए गए और जहां डस्टबिन उपलब्ध हुए उनका अभिवादन किया. साथ ही जहां डस्टबिन नहीं मिले उन्हें डस्टबिन रखने की समझाइए दी गई. सभी को चेतावनी दी गई कि अगर आपके द्वारा बाजार परिसर में किसी भी प्रकार की गंदगी फैलाई जाती है तो नगर पालिका द्वारा 1 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की जाएगी.

**कचरा मिलने पर अगले सप्ताह होगी कार्रवाई**

रविवार को नपा द्वारा गठित दल द्वारा सभी दुकानों का सर्वे किया गया और सभी दुकानों के संचालकों के नाम व मोबाइल नंबर भी लिए गए ताकि दुकान बंद करते समय जिस दुकान के आगे गंदगी मिलेगी अगले सप्ताह उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी. टीम में मुख्य रूप से सफाई दरोगा धर्मेंद्र टाक, राजकुमार अकेला, पूजा शर्मा, धीरज भैरवे आदि उपस्थित थे.







### दीपावली पर्व के लिए नगर पालिका ने शुरू किया विशेष सफाई अभियान

दीपोत्सव पर्व को लेकर नगर पालिका द्वारा रविवार को सफाई अभियान की शुरूआत आजाद चौक से की गई. यह अभियान अब दीपावली पर्व तक जारी रहेगा. नपा ने नगरवासियों से भी सहयोग की अपील की है. नगर पालिका ने दीपावली के मद्देनजर रविवार से शहर में सफाई अभियान शुरू किया है. इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष, अधिकारी और सफाईकर्मी शामिल हुए. अभियान के तहत नालियों की सफाई, सड़कों पर जमा कचरे का निपटान और सार्वजनिक स्थलों की साफ. सफाई की जा रही है. इसका उद्देश्य शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण और सुंदर नगर उपलब्ध कराना है. नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि दीपावली स्वच्छता और प्रकाश का प्रतीक है, इसको ध्यान में रखते हुए दीपावली तक शहर के सभी वार्डों में रोजाना सफाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि नालियों की पूरी तरह सफाई की जाएगी और कचरे के ढेर हटा दिए जाएंगे. यह विशेष स्वच्छता अभियान सड़कों, बाजारों और कालोनियों में भी चलाया जाएगा. नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरा निर्धारित स्थान पर डालें और शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें. यह अभियान दीपावली तक लगातार जारी रहेगा.

## 17 तक चलेंगे भावांतर योजना के पंजीयन



**शाजापुर, 5 अक्टूबर. भावांतर योजना के पंजीयन 17 अक्टूबर तक चलेंगे. भावांतर योजना को लेकर कृषि उपज मंडी में रविवार को व्यापारियों की बैठक ली गई. उन्हें भावांतर भुगतान योजना 2025 की जानकारी दी गई. इस अवसर पर शाजापुर विधायक अरूण भीमावद, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, मंडी सचिव श्री परिहार, कृषक प्रतिनिधि, व्यापारी संघ प्रतिनिधि, हम्माल तुलावटी एवं कर्मचारी गण मौजूद थे.**

विधायक श्री भीमावद ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है. किसानों को उनकी उपज का समुचित मूल्य दें. प्रतिदिन मंडी में विक्रय मूल्य की जानकारी प्रदर्शित करें. बैठक में कृषि उपज मंडी समिति सचिव ने भावांतर भुगतान योजना के निर्देशों की जानकारी दी. योजना के लिए किसानों के पंजीयन का काम 03 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है जो 17 अक्टूबर तक चलेगा. पंजीयन के पश्चात पंजीकृत किसानों से 24 अक्टूबर से मंडी प्रांगण में भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन खरीदी की जाएगी.

# राजनीतिक पापाओं के बोझ तले दबी खाकी

पुलिस डायरी
मनोज पुरोहित

जब भी समाज में विवाद होता है तो हमें पुलिस याद आती है. सांप्रदायिक तनाव हो तो पुलिस, जुलूस जलसे हो तो पुलिस, धरना प्रदर्शन हो तो पुलिस, प्राकृतिक आपदा हो तो पुलिस, घर-परिवार का विवाद हो तो पुलिस, अति विशिष्ट का आगमन हो तो पुलिस यानि के चौबीस घंटे सातों दिन पुलिस की जरूरत पड़ती है. लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस पर राजनीतिक पापाओं का बोझ इस कदर बढ़ गया है कि राजनीतिक पापाओं के बोझ तले खाकी छटपटा रही है. छोटी छोटी बातों पर खादी का हस्तक्षेप खाकी को निष्पक्ष व सख्त बनने के मार्ग में अवरोध उत्पन्न कर रही है. लोग त्यौहार शांति से मनाएं इसके लिए भी खाकी के कंधो पर बोझ है लेकिन क्या कभी खाकी के भीतर उसकी मनोदशा किसी ने समझी है जो त्यौहारों पर भी सड़क पर नजर आता है, जुलूस जलसे में भी पैदल चलती है खाकी, धरना प्रदर्शन में भी मुर्दाबाद के नारे सुनती है खाकी. इतना धैर्य और सहनशीलता शायद ही किसी और सरकारी तंत्र के अन्य महकमे में हो. डॉक्टरों से यदि विवाद हो तो डॉक्टरों की हड़ताल हो जाती है, बैंककर्मी से विवाद हो तो यूनियन आगे आ जाती है. पटवारी, तहसीलदार से विवाद हो तो राजस्व में ताले लग जाते हैं. यानि सबका अपना संगठन है लेकिन इसके उलट यदि पुलिस का विभाग हो तो पुलिस की स्थिति खरबूजे जैसी है. चाहे चाकू पर खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर कटना हर हाल में पुलिस को ही है. दिनों दिन राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते पुलिस की कार्यप्रणाली पंगु होती जा रही है. यदि यही रहा तो आने वाले समय में रोजनामचे पर भी खाकी नहीं खादी ही कार्रवाही करेगी. शस्त्र पूजन में खादी का तो प्रवेश हो ही गया है हो सकता है आने वाले समय में पुलिस स्टेशनों पर भी हो सकता है खादी को अलग से कक्ष आंवटित कर दिया जाए. वर्तमान में पुलिस चाहकर भी निष्पक्ष और सख्त नहीं बन पा रही है. क्योंकि कुर्सी पर कौन बैठेगा यह तय अधिकारी की कार्यप्रणाली नहीं राजनीतिक पापाओं की परिक्रमा से तय होती है. जो राजनीतिक पापाओं की परिक्रमा करते हैं वह लंबे समय तक कुर्सी पर जमे रहते हैं और जो परिक्रमा करने में असक्षम रहते हैं वे कुर्सी से दूर हो जाते हैं. यदि पुलिस को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त नहीं किया गया तो पुलिस केवल शो पीस बनकर नेताओं की हां में हां मिलाने के लिए ही बचेगी. इसलिए पुलिस पर चंद लाइनें चरितार्थ होती है कि पुलिस अधिकारियों को हुनर काम ना आया, कुर्सी मिली है हां में हां मिलाने से.

**अपना-अपना गल्ला संभाल लिया**

संजय की आंख से मक्सी चलेगा तो सुनेरा में हाईवे पर भीम की गदा, कालापीपल में तो रवि का भंडार भर ही रहा है तो बेरछा में भरत को ना चाहकर भी जाना पड़ा. सबने अपने अपने गल्ले संभाल लिए हैं. गल्ले पर बैठते ही पुरानी आय को दोगुना करने की दिशा में भी काम शुरू हो गया है. जिले में सबके गल्ले बदले जा सकते हैं. हालांकि बहुत से लोगों की नजर कालापीपल के गल्ले पर हैं लेकिन वहां रवि के भंडार को कोई चुनौती नहीं दे सकता है. हो सकता है कि वे गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराकर नया इतिहास लिख दें.

**साहब की रसोई का भार भी पुलिसकर्मियों पर...**

पुलिस महकमे के एक साहब इन दिनों कई चर्चाओं में है, अब तो उनकी साग सब्जी लाने का भार भी पुलिसकर्मियों पर है. बस फोन आता है कि आज साहब शाही पनीर का लुत्फ लेंगे. जहांपना के हुकुम की तामिल की अव्हेलना करना किस की मजाल है. यह पहला अवसर होगा जब पुलिसकर्मी साग सब्जी की भी व्यवस्था करने में लगे हुए हैं.

**अंत में...**

तीसरी आंख की जद में आए थानों से अपराधियों में राहत, तनाव में है पुलिस.

### रैली निकाल किया स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित


**शुजालपुर, 5 अक्टूबर.** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र शुजालपुर द्वारा हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी के नारे को बुलंद करते हुए शनिवार शाम को कृषि मंडी प्रांगण क्रमांक 3 में कार्यक्रम आयोजित किया. जिसमे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया गया. इस दौरान स्वदेशी अपनाओ व जीएसटी बचत उत्सव रैली का आयोजन भी किया गया. रैली श्रीनगर कॉलोनी से प्रारंभ होकर मंडी क्षेत्र के प्रमुख मार्ग से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां आम सभा के रूप में परिवर्तित हुई. आयोजित रैली में व्यापारी वर्ग के साथ ही, प्रबुद्धजन, महिलाएं तथा भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे. रैली का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा घोषित अगली पीढी जीएसटी दरों में ऐतिहासिक कटौती के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करना और नागरिकों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा.

# पथ संचलन में अनुशासित होकर स्वयंसेवकों ने मिलाई कदमताल

## संघ की साधना के 100 वर्ष हुए पूरे, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयादशमी उत्सव

**सुसनेर, 5 अक्टूबर. शताब्दी वर्ष पर आगर मालवा जिले के सुसनेर में 5 अक्टूबर रविवार को विजयादशमी उत्सव पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पथ संचलन निकाला गया. जिसमें स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में अनुशासन के साथ घोष की धुन पर कदमताल करते हुए नजर आए. सुबह साढ़े 8 बजे नगर के मीडिल स्कूल ग्राउंड में स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ. सुबह 9 बजे प्रकट कार्यक्रम हुआ, जिसमें स्वयंसेवको ने व्यायाम योग, आसन, समता आदि का प्रदर्शन किया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक भेरुलाल ओसारा ने की. कार्यक्रम को संघ के विभाग सह संर्पक प्रमुख डॉक्टर लोकेश लड्डानी ने सम्बोधित करते हुए पंच परिवर्तन यानी स्व का बोध, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य आदि पर पर जोर देते हुए इसके प्रति जागरूक करने व कार्य करने की बात कही. उन्होंने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में पूरे वर्ष गृह संर्पक अभियान, जन गोष्ठियां, हिन्दू सम्मेलन, सद्भाव बैठकें, युवा सम्मेलन, शाखा विस्तार आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे. उन्होंने कहा कि हमारे नगर की समस्याओं और चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें हमारे समाज को तैयार करना पड़ेगा. संघ पर 3 बार प्रतिबंध लगे उसके बाद भी आज संघ ने 100 साल पूरे कर लिए. लेकिन हम जितने मजबूत होते जा रहे हैं उनता गंभीर चिंतन और मनन करने की भी आवश्यकता है. मीडिल स्कूल से शुरू हुआ पथ संचलन पांच पुलिया, हाथी दरवाजा, शुक्रवारिया बाजार, सराफा बाजार, इतवारिया बाजार, नरबदिया, मालीपुरा, मैना रोड, आगर रोड, मंडी चौराहा, डाक बंगला रोड से महाराणा प्रताप तिराहा होते हुए पुन: मीडिल स्कूल में पहुंचा. यहां संचलन का समापन हुआ. पथ संचलन का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत भी किया. सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा.



कदमताल करते हुए पथ संचलन में शामिल हुए स्वयंसेवक



प्रकट कार्यक्रम में प्रदर्शन करते हुए स्वयंसेवक

## एक नजर में

### शताब्दी वर्ष पर विशाल पथ संचलन निकला

# 100 वर्षों की तपस्या से स्वंय सेवक संघ बना वटवृक्ष



**बड़ौद, 5 अक्टूबर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विशाल पथ संचलन निकला. नागरिकों द्वारा स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बड़ौद नगर में कई दिनों से संचलन की तैयारियां चल रही थीं. उसका व्यापक परिणाम देखने को मिला, जब महावीर जैन विद्या मंदिर परिसर में संघ के स्वयंसेवकों का भव्य एकत्रीकरण हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत में स्वयंसेवकों द्वारा व्यायाम, योग एवं समता का आकर्षक प्रदर्शन किया गया.**

इस दौरान प्रांतीय अधिकारी महेंद्रसिंह धनगर ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया. उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 1925 में विजयादशमी के पावन पर्व पर परम पूजनीय डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी. तब एक छोटे से बीज के रूप में बोया गया संगठन आज शताब्दी वर्ष में वटवृक्ष बनकर खड़ा है. श्री धनगर ने कहा कि इन सौ वर्षों की यात्रा में संघ ने अनेक संघर्षों का सामना किया है. कई बार प्रतिबंध लगाए गए, किंतु संघ कार्य कभी थमा नहीं. स्वयंसेवक भूमिगत होकर भी समाजसेवा में लगे रहे. उन्होंने बताया कि संघ के स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय हैं, किसानों के क्षेत्र में भारतीय किसान संघ, मजदूरों के क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती व ग्राम भारती, चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा भारती तथा धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के माध्यम से निरंतर समाजकार्य किया जा रहा है. राजनीतिक क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी सहित अनेक अनुषांगिक संगठनों द्वारा समाज के उत्थान के लिए कार्य हो रहा है.

श्री धनगर ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत अनेक छोटे-छोटे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज में अच्छे और प्रेरक संदेश पहुचें. उन्होंने स्वयंसेवकों से अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक अनुशासन और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को अपनाने का आह्वान किया. अपने उद्बोधन में उन्होंने संघ के पांच प्रमुख परिवर्तनों तथा वर्तमान सामाजिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला. मार्गदर्शन के पश्चात संघ का पथ संचलन निकाला गया. नगर में लगभग 1200 स्वयंसेवक कदमताल करते हुए तीन घोष वाहिनियों के साथ आगे बढ़े. संचलन महावीर जैन विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होकर पुन: विद्यालय पहुंचा, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ.

कार्यक्रम में त्यागी श्रीमान रघुनाथदास महाराज श्री कृष्ण मंदिर, मंचासीन अधिकारी संतोष जैन, माननीय खंड संघचालक मुख्य वक्ता महेंद्रसिंह धनगर, मालवा प्रांत गौ सेवा संयोजक, महेश मोदी नगर कार्यवाह उपस्थित थे. कार्यक्रम में नगर खंड, जिला और विभाग के अधिकारी नगर के सभी स्वयंसेवक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम नगर के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा से स्वयंसेवकों का स्वागत किया एवं मातृ शक्तियों ने रंगोली सजाकर स्वयंसेवकों का स्वागत किया. सभी संप्रदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक संचलन का स्वागत किया. प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी कार्यक्रम के संचालन में पूरा सहयोग प्रदान किया गया.

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में दीक्षांत समारोह संपन्न

**शाजापुर, 5 अक्टूबर.** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था शाजापुर में प्रात: दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें संस्था के प्रथम, द्वतीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों और सेवा पखवाडा में आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता के प्रशिक्षणार्थियों को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य राजाराम कटारिया द्वारा की गई. इस अवसर पर अतिथि के रूप में सुभाष मंडलोई, विष्णु पाटीदार, कीर्तिप्रकाश भावसार, किशोर प्रजापति एवं नवीन शुक्ला महाप्रबंधक उद्योग विभाग, व्हीपी मीणा प्राचार्य लीड बीकेएसएन कॉलेज शाजापुर एवं संस्था के समस्त अधिकारीध्कर्मचारी भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कामिनी एवं आभार मनीष गुलाटी द्वारा व्यक्त किया.